# महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

**(NAAC Accredited : B + Grade)**

***सम्बद्ध : डॉ0 भीमराव आंम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा***

## रेंजर्स वार्षिक रिर्पोट

**सत्र – 2024–25**

**दिनांक– 27- 02- 2025 से 01- 03-2025**



डॉ0 अंकिता ठाकुर
रैंजर्स प्रभारी

# महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज, फिरोजाबाद

## रेंजर्स तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर
## रिपोर्ट

**सत्र – 2024–25**

**दिनांक– 27- 02- 2025 से 01- 03-2025**

महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पी.जी.) कॉलेज फिरोजाबाद में दिनांक 27.02.2025 से 01.03.2025 तक रेंजर्स का तीन दिवसीय प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 25 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

दिनांक 27.02.2025 को शिविर के प्रथम दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम प्राचार्या डॉ. अंजु शर्मा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके, दीप प्रज्वलित कर शिविर की शुरुआत की। तत्पश्चात प्रार्थना और झंडा रोहण रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता ठाकुर के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्राचार्या डॉ. अंजु शर्मा ने छात्राओं को अपना शुभ आशीष देते हुए छात्राओं को जीवन में रेंजर्स के महत्व के बारे में समझाया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर पूनम ने भी छात्राओं की हौसला अफजाई करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संगीत विभाग से डॉ. निष्ठा शर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ0 अमृता सिंह, अंग्रेजी विभाग से डॉ. ज्योति अग्रहरि, समाजशास्त्र विभाग से डॉ. ऋचा सिंह, डॉ. चर्चा और डॉ. शबनम उपस्थित रहे।




शिविर के प्रथम दिन डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर श्री कोमल सिंह यादव जी ने छात्राओं को प्रशिक्षण दिया और छात्राओं को रेंजर्स के इतिहास और परिचय के बारे में अवगत कराया। प्रशिक्षक द्वारा छात्राओं को ध्वज शिष्टाचार, स्काउटिंग और गाइडिंग के नियम, प्रतिज्ञा, टोली प्रणाली, प्राथमिक चिकित्सा, मार्च पास्ट, सलूट आदि का प्रशिक्षण दिया गया।



दिनांक 28.02.2025 को शिविर के द्वितीय दिवस पर झंडा रोहण के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। तत्पश्चात रेंजर्स शिविर के प्रतिभागियों ने रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता ठाकुर और डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर श्री कोमल सिंह यादव जी के निर्देशन में कैंसर जागरूकता रैली निकाली, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न स्लोगनों के माध्यम से लोगों को कैंसर के बारे में जागरूक किया और कैंसर से बचने के उपाय भी बताएं। रैली में असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शबनम, डॉ. चर्चा और डॉ. ज्योति अग्रहरि उपस्थित रहीं। इस रैली के बाद डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कमिश्नर श्री कोमल सिंह यादव जी ने छात्राओं को गांठे बंधन, वर्दी, तंबू निर्माण, गैजेट्स, कैंप फायर आदि के बारे में प्रशिक्षित किया।





रेंजर्स प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर के तीसरे दिन (01.03. 2025) और समापन अवसर पर झंडा रोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर में प्रतिभागी छात्राओं को चार टोलियों में बांटा गया–इंदिरा गांधी टोली, मदर टेरेसा टोली, अहिल्याबाई टोली और सरोजिनी नायडू टोली। तत्पश्चात विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जैसे तंबू निर्माण प्रतियोगिता ,भोजन प्रतियोगिता और पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेई जी की 100वी वर्षगांठ के उपलक्ष में एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। तंबू निर्माण प्रतियोगिता के लिए छात्राओं ने मनमोहक तंबू लगाए और विभिन्न गैजेट्स भी बनाएं। इस प्रतियोगिता में इंदिरा गांधी टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर अहिल्याबाई टोली रही तथा तृतीय स्थान मदर टेरेसा टोली ने प्राप्त किया। भोजन प्रतियोगिता में अहिल्याबाई टोली प्रथम स्थान पर रही, द्वितीय स्थान पर सरोजिनी नायडू टोली रही और तृतीय स्थान संयुक्त रूप से इंदिरा गांधी टोली और मदर टेरेसा टोली ने प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में इंदिरा गांधी टोली ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, द्वितीय स्थान पर अहिल्याबाई टोली रही और तृतीय स्थान सरोजिनी नायडू टोली ने प्राप्त किया।



रेंजर्स प्रवेश मूल्यांकन जांच शिविर के समापन समारोह के अवसर पर महाविद्यालय के सचिव श्री सतीश गुप्ता जी उपस्थित रहे, छात्राओं ने उनका स्वागत, स्वागत ताली से किया। उन्होंने तंबुओं का निरीक्षण किया और छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उक्त प्रतियोगिताओं में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर फराह तबस्सुम उपस्थिति रही और प्रतिभागी छात्राओं को आशीष वचन देते हुए उन्होंने छात्राओं का उत्साह वर्धन किया। निर्णायक मंडल में संगीत विभाग से डॉ. निष्ठा शर्मा, शारीरिक शिक्षा विभाग से डॉ. अमृता सिंह अंग्रेजी विभाग से डॉ. ज्योति अग्रहरि, समाजशास्त्र विभाग से डॉ. ऋचा सिंह, डॉ. शबनम और डॉ. चर्चा ने आयोजित प्रतियोगिताओं में निर्णय दिया।



कार्यक्रम के अंत में रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता ठाकुर द्वारा दीक्षा संस्कार संपन्न कराया गया। दीक्षा संस्कार के बाद विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर फरहा तबस्सुम ने छात्राओं को आशीष वजन प्रदान करते हुए कहा कि आज यहां पर दीक्षा प्राप्त रेंजर्स के जीवन की नई शुरुआत है और छात्राओं से कहा जीवन पर्यंत रेंजर्स नियम का पालन करते हुए सेवा के लिए समर्पित रहना है। कार्यक्रम में मौजूद डॉ. निष्ठा शर्मा ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का समापन करते हुए रेंजर्स प्रभारी डॉ. अंकिता ठाकुर ने वहां मौजूद सभी अतिथियों और प्रशिक्षक का धन्यवाद किया। उन्होंने रेंजर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज दीक्षा प्राप्त करने के बाद वह जीवन पर्यंत



रेंजर्स के नियम को याद रखते हुए सेवा भाव से काम करेंगी। उन्होंने कहा महाविद्यालय का काम सिर्फ शिक्षण प्रदान करना नहीं बल्कि छात्राओं का सर्वांगीण विकास करना भी है और रेंजर्स में यह कोशिश की जाती है कि छात्राओं की प्रतिभा को निखार कर उन्हें देश के विकास में सहायक बनाया जा सके। रेंजर्स, छात्राओं को भारतीय परंपरा से जोड़ते हुए उन्हें एक प्रकार से गुरुकुल जीवन की संस्कृति से जोड़ता है। कार्यक्रम में सहायक के रूप में ड्रीम गोला और कल्पना यदुवीर भी उपस्थित रहे।

(डॉ0 अंजु शर्मा)

प्राचार्या

(डॉ0 अंकिता ठाकुर)

रेंजर्स प्रभारी